नशे के विरूद्ध अभियान शुरू

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वाधान में जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर एवं आरोग्य सेवा संस्थान के सयुंक्त तत्वाधान में नशे के विरूद्ध अभियान शुरू किया है।

प्राधिकरण सचिव एवं एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि स्कूल एवं कॉलेज के बच्चों में ड्रग्स लेने की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए इसे रोका जाना आवश्यक है। नालसा की डॉन योजना (ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन) भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य कानूनी सहायता, जागरूकता और पुनर्वास के माध्यम से नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ना है, जिसमें कानूनी मदद, परिवारों के लिए समर्थन और हर स्कूल और गली में नशे के खिलाफ एक मजबूत आवाज देना शामिल है ताकि एक नशामुक्त भारत बनाया जा सके। यह योजना युवाओं को स्वस्थ भविष्य के लिए नशे के खिलाफ जागरूक करती है।

आरोग्य सेवा संस्थान द्वारा संचालित आरोग्य जिला नशा मुक्ति केंद्र द्वारा बारापाल स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय व टी डी स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। संस्था के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर विजयपाल सिंह ने संस्था में चल रहे प्रोजेक्ट के बारे में बताया व नशा मुक्ति संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि आजकल विद्यार्थी जीवन में कई तरह की परेशानियां आ रही हैं। मुख्य रूप से छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक दबाव, और समय प्रबंधन की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग भी उनकी पढ़ाई और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है।"

प्रदर्शनी का उद्घाटन : डूंगरपुर राज्य सडक सुरक्षा प्रकोष्ठ, परिवहन एवं स सडक सुरक्षा विभाग, राजस्थान द्वारा राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह, 1 जनवरी 2०26 से 31 जनवरी 2०26 तक मनाया जा रहा हैं।

खोया-पाया

हम प्रार्थीगण की होटल ग्रीन व्यू प्राइवेट लिमिटेड जो कि नाथद्वारा में स्थित है, दिनांक 16.12.2025 को लाल बाग चौराहे से बस स्टैंड नाथद्वारा के बीच गत दिनों में कंपनी से संबधित मूल कागजात, रजिस्टर, इत्यादि तथा शेयरधारको के सर्टिफिकेट (संख्या 1 से 17 तक तथा शेयर विशिष्ट संख्या 1 से 39460 गुम हो गए है, जिस किसी व्यक्ति को मिले कृपया निम्न पते पर लौटाने का कष्ट करें।

पता -केयर ऑफ मदन लाल जोरावरमल, बस स्टेण्ड पोस्ट आफिस के सामने, नाथद्वारा, राजसमंद, राजस्थान-313301

प्रार्थी मदन लाल जैन

(Change of Name)

I have changed my namy from SWATI KACHARA D/o MAHAVEER KACHARA to SWATI KATARIA W/o NIKHAR KATARIA for all purpose. In future to be knwon by new name SWATI KATARIA W/o NIKHAR KATARIA, R/o 6, Shastri Nagar, Hiran Magri, Near Harsh Plles Hospital, Sector-3, Girwa, Udaipur, Rajasthan-313001.

न्यायालय जिला न्यायाधीश, जिला सलुम्बर

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु प्रार्थना पत्र
मुकदमा नं.22 सन् 2025
प्रमिला/राज.मरूधरा ग्रामीण बैंक वगैरा

श्रीमति प्रमिला पुत्री (दत्तक) स्व.शांतिलाल सिघंवी पति निर्मल कुमार जैन उम्र 43 वर्ष नि.जैताना प्रार्थी सलुम्बर मृतक श्री शांतिलाल जैन सिघंवी को प्रतिभूति के सम्बन्ध में भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम 1925 धारा 372 के अन्तर्गत उत्तराधिकार प्रमाण -पत्र दिलवाने हेतु प्रार्थना-पत्र ।

वास्ते राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा सलुम्बर जरिये शाखा प्रबन्धक जी

जो उक्तनामांकित प्रार्थी ने मृतक श्री शांतीलाल के नाम की ऋण और प्रतिभूति की राशि हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिये भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अन्तर्गत इस न्यायालय में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया है ।

सूचित रहे कि उक्त मामले की सुनवाईहेतुइस न्यायालय में पेशी दिनांक 13.01.2026 को समय 10.30ए.एम.नियत की गई है ।

अत : सभी संबंधित व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रार्थना-पत्र के खिलाफ अगर कोई आपत्ति रखता है तो उक्त दिनांक को कारण प्रस्तुत करें ।

अनुपस्थिति की स्थिति में मामले में एक पक्षीय कार्यवाही व सुनवाई की जाकर उसके अनुसार आदेश पारित किया जावेगा ।

नोट:-प्रार्थी ने मृतक को जमा राशि रूपया 3000,00,160621 प्लस ब्याज बाबत प्रमाण -पत्र चाहा है।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से दिनांक 06.01.2026 को जारी किया गया ।

मुहर वरिष्ठ मुन्सरीम जिला एवं सेशन न्यायालय सलुम्बर (राज.)

(प्रपत्र संख्या-7)(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर (राज.)

नोटिस

पत्रावली संख्या:-05/2026/93
दिनांक-2/1/26

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियो का

चूंकि श्री हिम्मत सिंह चौहान, उप कोषाध्यक्ष ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-17(2) के अन्तर्गत श्री रंगोडिया भैरव नाथ जी चेरिटेबल ट्रस्ट कोठारिया, चक-ए, कोठारिया तहसील नाथद्वारा, जिला राजसमन्द प्रन्यास के सम्बन्ध में पंजीयन किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अत: एव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे, इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60(साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो, प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 2/1/26को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आगामी पेशी तारीख16/3/26 की रखी गयी है।

मुहर (जतीन कुमार गाँधी) सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर

कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

राजसमंद, (निसं)। धोइंदा निवासी हरीश जोशी की हत्या के मामले में बुधवार को दिन भर कलेक्ट्रेट पर भारी आक्रोश देखने को मिला। हालांकि शाम को पूर्व मावली विधायक धर्म नारायण जोशी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल की जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक समेत प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता हुई जिसमें प्रशासन द्वारा सभी मांगों पर सहमति जता दी। इसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए।

इससे पहले आक्रोशित परिजन, ग्रामीणों और सर्व समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, पीडित परिवार को उचित मुआवजा और मामले की जांच एएसपी स्तर के अधिकारी से कराने की मांग रखी।

स्माइल उदयपुर अभियान को मिला आमजन का सहयोग

उदयपुर, (कासं)। पर्यटन नगरी उदयपुर को बाल श्रम एवं भिक्षावृति से मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं बाल अधिकारिता विभाग, उदयपुर के संयुक्त प्रयास से चलाए जा रहे स्माईल उदयपुर अभियान को आमजन से मिल रहा सहयोग। दुकानदारों ने भी प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृति मुक्त प्रतिष्ठान का स्टीकर चरपाकर अभियान को समर्थन दिया।

जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं बाल अधिकारिता विभाग, उदयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उदयपुर के साझा प्रयास से पर्यटन नगरी, उदयपुर को बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृति से मुक्त करने के लिए 01 जनवरी से 31 मार्च तक चलाए जा रहे "स्माइल उदयपुर" अभियान के अन्तर्गत जनवरी के प्रथम सप्ताह में शहर के प्रमुख पर्यटक स्थलों एवं प्रमुख मंदिर क्षेत्र में बाल अधिकारिता विभाग, चाइल्ड हेल्प लाईन, मानव तस्करी विरोधी यूनिट एवं प्रमुख स्वयं सेवी संस्था, महिला सुरक्षा अनुसंधान केन्द्र आदि एनजीओ के सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा व्यापक रूप से अभियान चलाया गया।

सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग स्माईल उदयपुर अभियान के नोडल अधिकारी के.के. चन्द्रवंशी उदयपुर ने बताया कि 1 से 7 जनवरी के मध्य उदयपुर शहर के लगभग 500 से अधिक प्रतिष्ठानों/दुकानों के संचालकों ने अभियान के प्रति सकारात्मक सहयोग प्रदान कर अपने प्रतिष्ठानों को बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृति मुक्त प्रतिष्ठान घोषित करते हुए विभाग द्वारा जारी स्टीकर्स चस्पा किए एवं शपथ पत्र भी भरे। मुख्य चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर, बैनर, स्टीकर चस्पा कर आमजन को जागरूक भी किया गया। बाल अधिकारिता विभाग एवं चाइल्ड हेल्प लाइन व एनजीओ के रेस्क्यू दल द्वारा अभियान के दौरान की गई कार्यवाही का जियो टेगिंग कर फोटो भी लिए गए। अभियान के दौरान राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य के.के. कुमार कविया, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक चन्द्रवंशी, बाल संरक्षण अधिकारी राजकुमार जीनगर, मानव तस्करी विरोधी युनिट की रेखा मीणा, पायल कनेरिया, विवेक, प्रसा अनुसंधान संस्था से मंजरी गुप्ता, स्वेता जोशी, आजीविका ब्यूरो से पंकज उपस्थित रहे।

कार्यालय क्षैत्रीय प्रबंधक, राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड, उदयपुर

Web-www.rajseeds.ogr, Email-rajseedsudaipur@gmail.com, Phone No.-9166649796

क्रमांक: एफ( )/उदयपुर/राजसीड्स/2025-26/1940 दिनांक-6/1/2026

सार्वजनिक नीलामी विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन लि.बांसवाड़ा इकाई के लौह मशीनरी कबाड़ जिसका अनुमानित मूल्य राशि 3,53,000/- अक्षरे तीन लाख तरेपन हजार रू. मात्र की नीलामी दिनांक 20.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे बांसवाड़ा इकाई परिसर में किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति धरोहर राशि 10000/- अक्षरे दस हजार रू. दिनांक 20.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक बांसवाडा इकाई पर जमा कराकर नीलामी में भाग ले सकता है। नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय समय प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक संयंत्र प्रबंधक, रा.रा.बी.नि.बांसवाड़ा इकाई के मो.7300487044 पर सम्पर्क करें।

(डॉ.हीरसिंह राठौड़), क्षैत्रीय प्रबन्धक

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph.02953-233526

क्रमांक:न.पा.नाथ/राजस्व/25/16363 दिनांक : 7/1/2026

-:आपत्तीय-सूचना:-

एतद् द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर अग्रांकित भूमि पर सरस बूथ आवंटन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन में वर्णित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए सरस बूथ आवंटन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	नाम आवेदक मयपता	आवेदित भूमि का विवरण	पडौस			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती मधुबाला पत्नी स्व.श्री सुन्दर लाल माली निवासी नाथद्वारा, तहसील नाथद्वारा	पीपल के पेड़ के पास, तहसील रोड, नाथद्वारा	खुली भूमि	खुली भूमि	खुली भूमि	तहसील रोड

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर

(A State Govt.enterprise constituted under RHB Act 1970)
"salumber Chauhara, Sector 11, Udaipur-313002
Email-DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांक:-उप.आ.आ./वृत्त-उदय/2025-26/1331 दिनांक :-5.01.2026

-: जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण):- Registered

आवास संख्या C-64 आयवर्ग MIG-B (SFS) माप 164.70 वर्ग मीटर योजना दक्षिण विस्तार आवासीय योजना-बलिचा शहर उदयपुर द्वारा श्री गौरव कुमार शर्मा पुत्र श्री सुरेश कुमार शर्मा को आवंटन पत्रांक 1304 दिनांक 19.11.2012 आवास का आवंटन कर दिनांक 07.03.2014 को कब्जा दिया गया। उक्त आवास का अदेय प्रमाण -पत्र 3058 दिनांक 13.03.2014 द्वारा श्री गौरव कुमार शर्मा पुत्र श्री सुरेश कुमार शर्मा को जारी किया गया एवं प्रथम रजिस्ट्री दिनांक 18.07.2014 को श्री गौरव कुमार शर्मा पुत्र श्री सुरेश कुमार शर्मा द्वारा अपने पक्ष में निष्पादित करवाई गई।

पंजीयन उपरान्त श्री गौरव कुमार शर्मा पुत्र श्री सुरेश कुमार शर्मा ने उक्त आवास मुख्तियार नामा आम (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 12.12.2011 द्वारा श्री ओमप्रकाश लिंजारा पुत्र श्री लक्ष्मण दास लिंजारा को नियुक्त किया गया। श्री ओमप्रकाश लिंजारा पुत्र श्री लक्ष्मण दास लिंजारा ने उक्त आवास मुख्तियारनामा आम धारक की हैसियत से विक्रय-पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 18.07.2014 द्वारा श्री अमित वर्मा पुत्र राजेन्द्र कुमार वर्मा को बैचान किया गया। इस कार्यालय के पत्रांक 190 दिनांक 23.06.2020 द्वारा श्री अमित वर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा को नाम हस्तान्तरण कार्यालय आदेश जारी किया गया। तत्पश्चात श्री अमित वर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा ने पुन: उक्त आवास विक्रय-पत्र (पंजीकृत) आलेखि कर दिनांक 13.11.2025 द्वारा श्री मणि लाल परमार पुत्र श्री सोहन लाल परमार एवं श्रीमती मंजु कुमारी डामोर पत्नी श्री मणी लाल परमार को संयुक्त रूप से बेचान किया गया। श्री मणि लाल परमार पुत्र श्री सोहन लाल परमार एवं श्रीमती मंजु कुमारी डामोर पत्नी श्री मणी लाल परमार ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय-पत्र (पंजीकृत) के आधार पर सयुंक्त रूप से अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या C-64 दक्षिण विस्तार आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्री मणि लाल परमार पुत्र श्री सोहन लाल परमार एवं श्रीमती मंजु कुमारी डामोर पत्नी श्री मणी लाल परमार केपक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत पई पंचायत समिति गिर्वा, उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-ग्रा.पं.प/2025-26/183 दिनांक-07/01/2026

ई-निविदा सूचना - ...../2025-26

ग्राम पंचायत पई में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 17.1.2026 प्रात: 10.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसका विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthamgov. व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती जिसका UBN N0- ZUD2526GLRC03797 है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत पई
प.स.गिर्वा
जि.उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पई
प.स.गिर्वा
जि.उदयपुर (राज.)

सहकार विकास समिति की बैठक

उदयपुर, (कासं)। जिला सहकार विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को प्रतापनगर स्थित सहकार भवन में सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ जैन एवं सहकारिता विभाग राजस्थान की शासन सचिव व पंजीयक सहकारी समितियां आनंदी की उपस्थिति तथा जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले में सहकारी समितियों की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए।

संयुक्त सचिव जैन ने कहा कि सहकारिता बहुत व्यापक विषय है, इसमें कार्य की अपार संभावनाएं हैं। देश में कई सहकारी समितियां लीक से हट कर बहुत प्रभावशाली कार्य कर रही हैं। उन्होंने सहकारिता को मजबूती देने के लिए वर्क प्रोफाइल से आगे बढ़कर काम करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि हमारे इंस्पेक्टर का कार्य सिर्फ निरीक्षण करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। वह सहकारी समितियों को सुविधा और सेवा प्रदाता के तौर पर काम करें और मार्गदर्शन दे तो समितियां निश्चित रूप से प्रगति करेंगी। यदि समितियां प्रगति करेंगी तभी सहकारिता विभाग, सेन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक और अपेक्स मजबूत होंगे। श्री जैन ने कहा कि ग्राम स्तर पर स्थित पैक्स में आमतौर पर निश्चित समयावधि के लिए ही किसानों की आवाजाही रहती है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। पैक्स पर अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने की जरूरत है ताकि वहां फुटफॉल बना रहे। किसानों से लगातार जुड़ाव कायम रखने के लिए कार्य होना चाहिए। जैन ने पैक्स को कुसुम योजना से जोड़ने, ई-मित्र सेवा शुरू कराने, अधिक से अधिक केंद्रों को खाद-बीज वितरण केंद्र के रूप में स्थापित करने, सभी डेयरी संघों को सीसीबी से जोड़ने आदि को लेकर भी निर्देशित किया। उन्होंने पैक्स को अन्य राज्यों में सहकारी समितियों के माध्यम से किए जा रहे नवाचारों की विजिट कराकर प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। शासन सचिव आनंदी ने जिले में पैक्स एक्टिविटी की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर एवं समिति अध्यक्ष नमित मेहता ने संयुक्त सचिव के निर्देशानुसार सहकारी समितियों की मजबूती के लिए हर संभव प्रयासों के लिए आश्वस्त किया।

पार्टनरशिप को किया मजबूत

उदयपुर, (कासं)। विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक प्रोड्यूसर हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड और प्रमुख स्पेशलिटी केमिकल्स मैन्युफैक्चरर सिलॉक्स इंडिया ने सिलॉक्स इंडिया द्वारा हिन्दुस्तान ज़िंक के लो-कार्बन जिंक ब्रांड, इकोज़ेन को अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस में अपनाने के माध्यम से चली आ रही पार्टनरशिप को मजबूत करने की घोषणा की है। यह सहयोग भारत की इंडस्ट्रियल वैल्यू चेन में लो-कार्बन तरीकों को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है और डाउनस्ट्रीम डीकार्बनाइजेशन को सक्षम करने में अपस्ट्रीम प्रोड्यूसर्स की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित करता है।

प्रदर्शन किया

डूंगरपुर, (निसं)। जिले में भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। संघ ने जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर बीमा कंपनियों द्वारा क्लेम नहीं देनेए फसल खराबे का मुआवजा नहीं मिलने और अनियमित विद्युत आपूर्ति जैसी समस्याओं के समाधान की मांग की है। यह प्रदर्शन भारतीय किसान संघ के चित्तौड प्रांत के जिलाध्यक्ष गोविंदराम पाटीदार के नेतृत्व में हुआ। पाटीदार ने बताया कि बीमा कंपनियां क्लेम देने में आनाकानी कर रही हैं। वे सर्वे के नाम पर खानापूर्ति कर रही हैं और सरकारी ऋॉप कटिंग रिपोर्ट को भी पूरी तरह नकार रही हैंए जो किसानों के साथ धोखा है। किसानों ने फसल खराबे के साथ-साथ अनियमित बिजली कटौती से भी त्रस्त होने की बात कही।

'लम्बित प्रकरणों का प्राथकिमता के साथ करें निस्तारण'

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव की अध्यक्षता में सूचना एवं प्रौद्यौगिकी विभाग के वीसी कक्ष में साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लम्बित आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करने एवं सभी उपखण्ड अधिकारियों को नियमित फीडबैक लेते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिये।

डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए 15 दिन से अधिक लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निस्तारण कर आमजन को राहत दे। उन्होंने सम्पर्क पार्टल पर लम्बित प्रकरणों को कम समय में निस्तारण करने पर जोर दिया। बैठक में समर कंटीजेंसी के प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा उपकेन्द्रों के लिये लंबित भूमि आवंटन की समीक्षा करते हुए कहा कि इस कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं व कार्यो को संवेदनशीलता के साथ त्वरित गति से निस्तारण कर राहत प्रदान करने के निर्देश दिये। बैठक में जन सुनवाई, संपर्क, सतर्कता, सीएमओ, पीजी शिकायतें, सीएमओ ब्लू लेटर, नए पेपर कटिंग लंबित औसत निपटान समय, संतुष्टि प्रतिशत, लंबित 30 दिन चिकित्सा उपकेन्द्रों के लिये लंबित भूमि आवंटन, लाडो प्रोत्साहन योजना, राजकीय विद्यालयों के मरम्मत कार्यों की समीक्षा, जेजेएम-लंबित बिजली कनेक्शन, जेजेएम-लंबित भूमि आवंटन, एमजेएसए आगंनवाड़ी भवनों के निर्माण की स्थिति, पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्ति गांव योजना की प्रगति, विद्युत पोल, विद्युत आपूर्ति, उच्च जोखिम विद्युत बिंदु, सड़को दुर्घटनाओं, आकाशीय बिजली गिरने या बरसात में मकान गिरने से मृत्यु, घायल होने की स्थिति में मुआवजा वितरण एवं क्षतिग्रस्त मकानों का आंकलन, म्यूटेशन, आपसी सहमति से विभाजन, लंबित एनएफएसए आवेदन, ई-केवाईसी, बजट घोषणाओं की समीक्षा व भूमि अवाप्ति प्रकरणों की समीक्षा बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्देश दिये।

इनोवेशन, डिजाइन व एंटरप्रन्योरशिप आईडीइ बूट कैंप का आगाज

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज, डबोक, उदयपुर में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय शिक्षा परिषद - नई दिल्ली एवं शिक्षा मंत्रालय के मिनीस्ट्री ऑफ इनोवेशन सेल के संयुक्त तत्वाधान में इनोवेशन डिजाईन और एंटरप्रन्योशिप पर बूट केम्प-2026 फेज -3 का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम भारत के 6 राज्यों में 8 स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राजस्थान में गिट्स को नोडल सेंटर के रूप में चुना गया हैं। यह बूटकेम्प 7 से 9 जनवरी तक आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम का आन लाइन लोकार्पण एआईसीटीइ के वाइस चेयरमेन एंड चीफ इनोवेशन ऑफिसर डॉ. अभय जेरे द्वारा किया गया जिसमे मेम्बर सेकेट्री प्रोफेसर श्यामारथ, एडवायसर - रेग्युलेशन ब्यूरो - डॉ एन एच सिद्धालिंगा स्वामी, इनोवेशन डाइरेक्टर योगेश ब्रह्मांकर एवं असिस्टेंट इनोवेशन डाइरेक्टर उपस्थित रहे 7 संस्थान निदेशक डॉ. एस.एम. प्रसन्ना कुमार ने बताया कि ०3 दिन तक चलने वाले इस बूट केम्प में शिक्षा मंत्रालय ,इनोवेशन सेल बूट कैंप में विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को विद्यालयी शिक्षा में डिजाइन थिंकिंग, नवाचार और उद्यमिता को एकीकृत करने के लिए आवश्यक कौशल और मानसिकता से सुसज्जित करना है।यह चरण एआईसीटीइ और शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित बहु-चरणीय इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता बूटकैंप पहल का हिस्सा है।

संयोजक डॉ. चिंतल पटेल के अनुसार कार्यक्रम में राजस्थान राज्य के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 190 प्रिंसपल और टीचर्स भाग लें रहे हैं । इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को आवश्यक कौशल और मानसिकता से अवगत कराना है, ताकि वे वर्तमान के गतिशिल व्यवसायिक परिदृश्य में सफलता प्राप्त कर एक सफल भारत का निर्माण कर सके। पैनल एक्सपर्ट के रूप में आईटी कंपनी वेबानिक्स के सह संस्थापक श्री वेद शुक्ला , नीमो लैब के फाउंडर एवंऔरइवेक्स डिजिटेक प्रा लिमिटेड के निदेशक कमलेश पालीवाल ने भाग लिया। इस बूट कैम्प के दौरान देशभर के विभिन्न शहरों के एन्टरप्रन्योर स्टार्टअप फाउण्डर्स, संकाय सदस्य एवं शिक्षक भी भाग लेंगे।

एम् बी ए निदेशक डॉ. पी के जैन ने कहा कि इस बूट कैम्प में प्रतिभागी नवाचारो पर चर्चा करेंगे, जिससे विभिन्न स्कूलों के छात्रों को एक दुसरे से सीखने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर गिट्स के वित्त नियत्रंक बी.एल. जांगिड इस कार्यऋम से छात्रों एवं शिक्षकों की रचनात्मकता को बढावा मिलेगा और वे वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए नए समाधान खोजने के लिए प्रेरित होंगे। इस आयोजन की सफलता केवल गिट्स बल्कि पूरे राजस्थान के लिए गौरव की बात होगी।

सार-समाचार

हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर दिया धरना

उदयपुर,(कासं)।उदयपुर में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर बार एसोसिएशन और जिला हाईकोर्ट संघर्ष समिति ने बुधवार को कोर्ट के बाहर धरना दिया। वकीलों ने नारे लगाते हुए हाईकोर्ट बेंच की मांग की।धरने को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ एडवोकेट शांतिलाल चपलोत ने कहा कि नेताओं से कई आश्वासन मिल चुके हैं। उनकी कमजोरी की वजह से हाईकोर्ट बेंच अभी तक शहर को नहीं मिल पाई। नेता इस मांग को केंद्र तक पुरजोर तरीके से नहीं उठा पा रहे हैं। वरिष्ठ वकील शंभू सिंह राठौर ने धरने को संबोधित करते हुए कहा.कि अगर इस बार हाईकोर्ट बेंच उदयपुर को नहीं मिलती है तो मैं मान लूंगा कि गुलाबचंद कटारिया (पंजाब के राज्यपाल) और बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र जैन की विफलता है। इसलिए इस बात को बडी जिम्मेदारी से लीजिए। मेवाड में हाईकोर्ट बेंच की मांग के लिए सभी एकजुट हो जाएं। आपको बतादें कि उदयपुर में हाईकोर्ट बेंच को लेकर वर्ष 1982 से आंदोलन चल रहा है। 199० में भी बडा धरना हुआ था। तब से अब तक हर महीने 7 तारीख को धरना दिया जाता है। इस दौरान बडे स्तर भी कई बार धरने प्रदर्शन कर चुकेए लेकिन कुछ नहीं हुआ। इस दौरान पूर्व बार अध्यक्ष रामकृपा शर्मा,भरत वैष्णव, भरत जोशी,राकेश मोगरा, पूर्व महासचिव भूपेंद्र,पूर्व उपाध्यक्ष बंशीलाल गवारिया,पूर्व महासचिव चेतनपुरी गोस्वामी,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष और एडवोकेट अमित पालीवाल आदि मौजूद थे।

ठगी का एक और आरोपी गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। डूंगरपुर पुलिस ने देशभर में 16० करोड की ऑनलाइन ठगी के एक ओर शातिर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में 2 आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि ऑनलाइन ठगी के सरगना कुवैत, दुबई ओर जॉर्जिया बैठे ऑनलाइन ठगी को अंजाम देते थे। उन्हें पकडने पुलिस मुख्यालय से सलाह ली जा रही है।जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि देशभर में 16० करोड रुपए की ऑनलाइन ठगी करने वाले रैकेट का भांडाफोड करते हुए 2 आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया था। लेकिन वारदात में शामिल एक ओर आरोपी मनीष कलाल पुत्र विनोद कलाल निवासी इन्द्रखेत थाना सदर फरार चल रहा था। उसकी तलाश की जा रही थी। इस दौरान आरोपी मनीष कलाल के घर आने का पता लगा तो पुलिस पहुंच गई और उसे दबोच लिया। आरोपी मनीष कलाल ने भी भोले भाले लोगों के बैंक खाते खुलवाकर दुबई,कुवैत ओर जॉर्जिया बैठे शातिर ठगों को दिए थे। जिससे ऑनलाइन ठगी की हुई। आरोपी ने वारदात कबूल कर ली है।

जीएसएसकर्मी करंट लग